मूल्य - 5 रुपये



ज्योतिर्मय जीवन

# भावभरा निमंत्रण

# वृद्धाश्रम की पहली वर्षगाँठ पर

## दिनांक : 03 व 04 फरवरी, 2013

वृद्धाश्रम विशेषांक

# तारांशु

मासिक
दिसम्बर, 2012, वर्ष 1, अंक 5, पृ.सं. 8
संपादक :- कल्पना गोयल

आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी, नारायण सेवा संस्थान ( ट्रस्ट ), उदयपुर
मुख्य संरक्षक तारा संस्थान - श्री एन.पी. भार्गव, उद्योगपति एवं समाज सेवी, दिल्ली

# आनन्द वृद्धाश्रम - पहली वर्षगाँठ

## सादर आमन्त्रण

मान्यवर!

सभी जानते हैं कि वृद्धावस्था सामान्यतः वैसे भी पीड़ादायक होती है। ऐसे में यदि किसी कारणवश कोई वृद्ध बन्धु अकेला, असहाय, तिरस्कृत और परित्यक्त हो जाए, तो उस बुजुर्ग की व्यथाओं और वेदनाओं की कोई सीमा नहीं रहती। ये बुजुर्ग 2 समय भर-पेट भोजन के लिए भी लाचार हो जाते हैं।

ऐसे ही बुजुर्ग बन्धुओं को गरिमा और आत्म सम्मान के साथ निःशुल्क भोजन-आवास-वस्त्र-चिकित्सा देखभाल आदि सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से तारा संस्थान ने आनन्द वृद्धाश्रम का शुभारंभ किया, जहाँ ये बुजुर्ग बन्धु अपने जीवन के संध्याकाल में सुकून भरा जीवन - यापन कर रहे हैं। आनन्द वृद्धाश्रम के शुभारंभ का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में

**रविवार, 03 फरवरी, 2013 को समय 10.30 बजे**
**आनन्द वृद्धाश्रम - प्रथम वर्षगाँठ**

का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह हम आपकी साक्षी में मनाना चाहते हैं। अतः इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए हमें आपको सादर आमन्त्रित करते हुए निवेदन कर रहे हैं, कि कृपया रविवार, 03 फरवरी, 2013 को आयोज्य आनन्द वृद्धाश्रम - वार्षिक समारोह में पधार कर हमारा उत्साह वर्धन करें।

सादर

**कल्पना गोयल**
संस्थापक एवम् अध्यक्ष

**दीपेश मित्तल**
मुख्य कार्यकारी

कृपया समारोह में पधारने की पुष्टि
मो. +91 9799252661 पर करने का कष्ट करें।

## दिनांक 03 व 04 फरवरी, 2013 आनन्द वृद्धाश्रम की वर्षगाँठ के दो दिवसीय कार्यक्रम -

### प्रथम दिवस – 03 फरवरी, 2013

1. आनन्द वृद्धाश्रम एवम् तारा नेत्रालय अवलोकन।
2. वृद्धाश्रम आवासियों का परिचय एवम् अभिनन्दन।
3. गौरी योजना से लाभान्वित कुछ महिलाओं से मुलाकात
4. पधारे हुए सभी दान दाताओं को तारा परिवार की ओर से सम्मान।
5. उदयपुर भ्रमण।

### द्वितीय दिवस – 04 फरवरी, 2013

1. आदिवासी अंचल में नेत्र जाँच व मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु चयन शिविर।
2. तृप्ति योजना से लाभान्वित अति निर्धन असहाय बुजुर्ग लाभार्थियों से मुलाकात।
3. श्री नाथ जी व एकलिंग जी दर्शन।

**उक्त कार्यक्रम हेतु आवास, अल्पाहार एवम् भोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था तारा संस्थान द्वारा की जाएगी।**

श्रीमती अंजलि लाहिड़ी और श्री दिगेन्द्रनाथ लाहिड़ी की शादी की 63वीं सालगिरह वृद्धाश्रम में हंसी ठहाको के बीच मनाई गई....





श्री सदाशिव जी अपने जन्मदिन पर संस्थान के दीपेश जी मित्तल के साथ....



फतहसागर की पाल
का आनन्द लेते...













आनन्द वृद्धाश्रम
की दिनचर्या
के कुछ पल....



अकेला ही हूँ। शादी नहीं की। परिवार में पाँच भाई व एक बहन हैं। केवल एक भाई का सहारा था। पर, भाई के बेटे के विवाह के बाद साथ रहना मुश्किल हो गया। भाई के एक दोस्त के यहाँ ''तारांशु'' पत्रिका आती है। उसी से आनन्द वृद्धाश्रम की जानकारी मिली। अप्रैल महीने में यहाँ आया। यहाँ सभी का व्यवहार बहुत अच्छा है। किचन के स्टोर की देखभाल और शाक सब्जी लाने की जिम्मेदारी निभाता हूँ। 2 – 3 महीने में भाई भी मिलने आता है। घर से भी ज्यादा अच्छा लगता है। केवल माता – पिता की याद आती है।

– चिमन भाई, आयु – 65, निवासी – मुम्बई

विवाह नहीं हुआ। परिवार में कोई नहीं है। मुम्बई में खुद का मकान था। उसका केस चला और हार गये। रहने का कोई ठिकाना नहीं रहा। भटकते हुए उदयपुर आ गए। समाचार पत्र में वृद्धाश्रम की जानकारी मिली। यहाँ आये तो रहने का ठिकाना, भोजन – वस्त्र सब व्यवस्था हो गई। चलने-फिरने में तकलीफ रहती है। यहाँ की व्यवस्था से बहुत खुश हूँ।

– प्रदीप, आयु – 54, निवासी – मुम्बई

सहारनपुर का निवासी हूँ, बेटे के पास रहता था। हृदय की बीमारी है। आर्थिक तंगी के कारण घर खर्च और इलाज की परेशानी थी। आसरे के लिए यहाँ आया हूँ। यहाँ खाना, कपड़े, रहने की सुविधा है। दवाइयाँ भी मिल रही है। बेटे बेटियाँ हाल-चाल पूछ लेती हैं। बुढ़ापे में कहाँ भटकता फिरूँ। यह जगह घर-जैसी है। लोग भी बहुत भले हैं।

– विजेन्द्र शर्मा, आयु – 67, निवासी – सहारनपुर



परिवार है, पर उनका व्यवहार अच्छा नहीं। तकलीफ में थी। 'तारा संस्थान' का पता मिला तो यहाँ आ गई। परिवार में किसी से सम्पर्क नहीं। घर वालों की याद नहीं आती। यहाँ आराम है। खाने की और रहने की सुविधा बहुत अच्छी है। भजन-पूजन में समय अच्छा बीत रहा है। घर में एक बेटा पोते हैं। उनकी याद नहीं आती। वापस घर नहीं जाना चाहती। यहाँ सभी सुख - सुविधाए हैं। सभी लोगों का व्यवहार भी अच्छा है।

– शांता बाई, पोतदार, आयु – 76, निवास – उदयपुर

2 बेटे हैं। इन्होंने घर पर कब्जा कर लिया और घर से बाहर निकाल दिया। रहने का कोई आसरा-ठिकाना नहीं रहा। घर वालों से कोई सम्पर्क नहीं है। इस उम्र में घर छोड़कर बाहर रहना पड़ रहा है, इसका दुःख है। पर घर में सुख - शान्ति नहीं। परिवार वालों का व्यवहार अच्छा नहीं रहा। यहाँ सब सुख-सुविधा है। कोई तकलीफ नहीं है। सभी कर्मचारियों का व्यवहार बहुत अच्छा है। परिवार वालों की याद नहीं आती।

– खेमराज, आयु – 82, निवासी – भरतपुर



मेवाड़ के आराध्य देव
श्री एकलिंग जी भ्रमण.....

छोटे बच्चों ने बांधी राखी





त्रिवेणी आंटी व अंजलि आंटी, कल्पना जी व अन्य के साथ करवा चौथ पर्व पर



दीपावली के दीपक आनन्द वृद्धाश्रम में



''भैया थोड़ा तीखा कम है''सुखाड़िया सर्कल पर चाट - गोलगप्पों का सुख

# तारा संस्थान के निःशुल्क सेवा - प्रकल्प

'तारा नेत्रालय', दिल्ली एवं 'तारा नेत्रालय' उदयपुर में

'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें

पारस

'पारस' चैनल पर प्रसारण
अपराह्ण 3.40 से 4.00 बजे,
रात्रि 9.20 से 9.40 बजे

आस्था भजन

'आस्था भजन' चैनल पर प्रसारण
प्रातः 8.40 से 9.00 बजे

## निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन

दान - सहयोग राशि, प्रति ऑपरेशन - 3000 रु.

## गौरी योजना

असहाय विधवा महिओं को प्रतिमाह नकद आर्थिक सहायता

दान-सहयोग राशि, प्रति विधवा महिला, प्रतिमाह - 1000 रु.

## तृप्ति योजना

असहाय बुजुर्गों को प्रतिमाह खाद्य - सामग्री सहायता

दान - सहयोग राशि, प्रति बुजुर्ग, प्रतिमाह - 1500 रु.

## आनन्द वृद्धाश्रम

असहाय बुजुर्गों को निःशुल्क भोजन - वस्त्र - आवास - चिकित्सा देखभाल सुविधा

दान - सहयोग राशि, प्रति बुजुर्ग, प्रतिमाह - 5000 रु.

## नेत्र शिविर सौजन्य राशि :-

11000/- रु. दिल्ली या उदयपुर के तारा नेत्रालय में शिविर
21000/- रु. उदयपुर के पास आदिवासी क्षेत्र में शिविर
31000/- रु. नयी व पुरानी दिल्ली क्षेत्र में शिविर
51000/- रु. दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में शिविर

## आयकर में छूट

तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G ( 50% ) व 35AC ( 100% ) के अन्तर्गत आयकर में छूट योग्य मान्य है।

ICICI Bank A/c No. 004501021965 IFS Code : icic0000045
HDFC A/c No. 12731450000426 IFS Code : hdfc0001273
SBI A/c No. 31840870750 IFS Code : sbin0011406
Axis Bank A/c No. 912010025408491 IFS Code : utib0000097

# तारा संस्थान

236, सेक्टर - 06, हिरण मगरी, उदयपुर - 313002 ( राज. ) भारत
मोबाईल :- ( +91 ) 9549399993, 9649399993

तारा नेत्रालय, WZ-270, नवादा, मैट्रो पिलर - 720, उत्तम नगर, दिल्ली - 59
मोबाईल :- ( +91 ) 9560626661

Email : tarasociety@gmail.com, Webiste : www.tarasociety.org

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक समाचार पत्र, दिसम्बर, 2012
RNI. No. - RAJBIL/2011/42978, Postal Reg. No. - RJ/UD/29-102/2012-2014, Dates of Posting - 11th to 18th each month at Udaipur H.O.
'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर, राजस्थान से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री विजय अरोड़ा द्वारा न्यूट्रेक ऑफसेट मुद्रणालय, 13, न्यट्रेक नगर, सेक्टर - 3, हिरण मगरी, उदयपुर में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल